सार-समाचार

प्रदर्शनी का शुभारंभ

करौली, (निसं)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा आज जयपुर, के सीतापुरा में नये आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का वर्चुअल माध्यम से प्रसारण पुलिस थाना श्रीमहावीरजी में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना व पुलीस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि प्रदर्शनी भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आए ऐतिहासिक बदलावों को प्रदर्शित करना है। इन नए कानूनों ने औपनिवेशिक-युग के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया है। पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने कहा कि प्रदर्शनी के दौरान पुलिस कार्य में तकनीक के उपयोग पर केंद्रित एक टेक्नोलॉजी आधारित सत्र की भी शुरुआत की, जिसमें डिजिटल और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई।कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि तीन साल के होम वर्क के बाद नए कानून बने हैं। इन कानूनों में ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर के प्रावधान के साथ सभी जब्ती की वीडियोग्राफी जरूरी की गई है। कानूनों के माध्यम से भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली का ध्यान दंड से न्याय की ओर स्थानांतरित हो रहा है। उन्होंने इन सुधारों को 21वीं सदी का सबसे बड़ा न्यायिक सुधार बताया, जो नागरिकों के लिए आसान और समय पर न्याय सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, जैसे कि साइबर अपराध और संगठित अपराध से निपटने के लिए नए ढांचे, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए विशेष प्रावधानों, और पीड़ितों के लिए समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने की प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला गया है। इस दौरान गृह मंत्री द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत मिले निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की नींव रखी। अमित शाह ने करीब 9 हजार 315 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया साथ ही कार्यक्रम में पीएम सूर्य घर योजना के तहत 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के रजिस्ट्रेशन की भी शुरुआत की।

हरिसिंह प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त

करौली, (निसं)। आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत के प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार ने बताया कि महापंचायत के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पृथ्वीराज बगलाई, प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल पटेल कैमला, प्रदेश महासचिव छोटेलाल मीना, प्रदेश सचिव अंगद मीना गार्ड दलीलपुर एवं प्रदेश वाद पंजीयक तथा करौली जिला अध्यक्ष हीरालाल नगला मीना की अनुसंशा पर महापंचायत के मुख्य संयोजक डॉ पुरुषोत्तम लाल मीणा ने करणपुर क्षेत्र के हरिसिंह बमेड़ा निवासी चौरघान को आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत का प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया है। इस अवसर पर मुख्य संयोजक डॉ. मीणा ने नवनियुक्त प्रदेश संगठन सचिन बमेड़ा को निर्देशित और अधिकृत किया है कि वह सभी मीणा बहुल जिलों में आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत के कार्यवृत्तानुसार संगठनात्मक रूप से समुदाय को मजबूत करने हेतु जिला, तहसील और पंचायत स्तर पर सेवादारों की नियुक्ति करवायें और सभी मीणा गांवों के सूचीकरण एवं एकीकरण अभियान को आगे बढाएंबमेड़ा को महापंचायत में प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किये जाने पर सपोटरा अध्यक्ष भरतलाल जोड़ली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजराम पटेल बूकना, उपाध्यक्ष हीरालाल डीलर ओड़च, मंडरायल अध्यक्ष रमेश चंद्र घुनावत, उपाध्यक्ष सतीराम ,जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कारीतीर ,लक्ष्मी नारायण कलागुड़ा ने खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि बमेड़ा की नियुक्ति से करौली, धौलपुर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, दौसा और अलवर जिलों में रूढिगत महापंचायत व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

प्रतिभा सम्मान समारोह आज

हिण्डौन, (निसं)। जाट समाज चौरासी प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन आज मंगलवार को रखा गया है । जाट समाज चौरासी महामंत्री देवीसिंह सोलंकी व मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि जाट समाज चौरासी के तत्वावधान में जाट समाज चौरासी सम्मान समारोह 14 अक्टूबर 2025 मंगलवार को सुबह 10 बजे जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी की अध्यक्षता में आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विशिष्ट अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, नसीराबाद (अजमेर) विधायक रामस्वरूप लांबा, राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील, कांठोस राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भाजपा प्रभारी हरियाणा प्रदेश सतीश पूनिया रहेंगे। समारोह लगभग 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में जाट समाज चौरासी चौरासी सरदारी व सभी प्रतिभाएं समय पर पधारकर समारोह की शोभा बढ़ाएं ।

उपकारागृह का निरीक्षण किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में, जिला एवं सेशन न्यायाधीश देवेंद्र दीक्षित ने सोमवार को गंगापुर सिटी के उप कारागृह का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और बंदियों को दी जा रही सेवाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, न्यायाधीश दीक्षित ने जेलर सुखवीर सिंह से कई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इनमें बंदियों के लिए पृथक रसोईघर, भोजन बनाने के लिए पर्याप्त व्यक्ति व बर्तन, वाटर फिल्टर यूनिट, शौचालय-स्नानघर की सफाई, डॉक्टर की नियमित विजिट, एंबुलेंस सुविधा और समाचार पत्र-पत्रिकाएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, योग एवं मेडिटेशन कक्षाएं, कंप्यूटर व व्यवसायिक प्रशिक्षण, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, नेटवर्क जैमर और बंदियों की परिजनों से मुलाकात की व्यवस्थाओं पर भी जानकारी ली गई। न्यायाधीश दीक्षित ने बंदियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। बंदियों ने बताया कि उन्हें उपलब्ध सुविधाओं को लेकर कोई शिकायत नहीं है। निरीक्षण के दौरान, जेलर ने सीवर लाइन जाम होने की समस्या से अवगत कराया। उप कारागृह में वाटर कूलर तो उपलब्ध था, लेकिन उसमें फिल्टर नहीं पाया गया। हालांकि, डॉक्टर की नियमित विजिट और भोजन व खाद्य सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक मिली। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम, पैनल अधिवक्ता मीना शर्मा, डॉ. भरत गोयल और पीएलवी मुकेश कुमार गुर्जर भी उपस्थित रहे।

कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

करौली, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने आज खेडा के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, सहकारी समिति, उप स्वास्थ्य केंद्र और राजकीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने आयुर्वेदिक औषधालय में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने चिकित्साकर्मियों को निर्देश दिया कि वे मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद को प्रभावी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित करें। सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने वित्तीय रिकॉर्ड, भंडारण व्यवस्था और किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने सहकारी समिति को पारदर्शी तरीके से काम करने, किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने और सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उप स्वास्थ्य केंद्र में जिला कलेक्टर ने रिकॉर्ड संधारण, उपकरणों की कार्यशीलता, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया व उपस्थित कार्मिकों को किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने, मौसम संबंधी बीमारियों से संबंधित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रखने के निर्देश दिये जबकि पशु चिकित्सालय में पशुओं के इलाज और टीके की उपलब्धता, स्वच्छता व कार्मिकों की उपस्थिति आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार लाने और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

150 किलो खराब मावा व चाशनी फिंकवाई

गंगापुर सिटी, (निसं)। दीपावली से पहले मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने गंगापुर सिटी में विशेष अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। फूड सेफ्टी ऑफिसर वेदप्रकाश पूर्विया और नितेश गौतम ने प्राइवेट बस स्टैंड स्थित मनोज हलवाई की निर्माता फर्म का छापा मारा। निरीक्षण के दौरान फर्म में जगह-जगह जाले, गंदगी और धूल-मिट्टी पाई गई। कार्यस्थल अस्वच्छ मिला और कर्मचारियों के मेडिकल प्रमाण पत्र तथा पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थे।

लोक नायक जयप्रकाश नारायण की 123 वीं जयंती मनाई

■ 'जयप्रकाश राजनेता नहीं बल्कि एक विचारधारा थे'

भरतपुर (निसं)। भारत रत्न लोकनायक स्व. जयप्रकाश नारायण की 123 वीं जयंती नई दिल्ली के गांधी दर्शन सभागार में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया के मुख्य आतिथ्य एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राजकुमार भाटिया की अध्यक्षता में बनाई गई! जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में देश के ग्राम विकास, पॉलिसी रिसर्च स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण राजनेता नही बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के एवं समृद्ध ग्रामीण विकास के लिए जो विचार दिये वे आज भी प्रासंगिक है। गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल में देश को ग्रामीण महत्वता की उपयोगिता बता दी। गांवों के जो लोग देश के विभिन्न क्षेत्रों मे रोटी-रोजी के लिए पलायन कर गये और वापिस लौट कर ऐसे कार्य किये जो ग्रामीण विकास को नई दिशा दे सकते है। उन्होने बताया कि ग्रामीणों को वहां उपलब्ध संसाधनों के आधार पर कौशल प्रशिक्षण एवं आसान शर्तों पर ऋण मुहैया करा दिया जाये तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी और युवाओं को पलायन भी रुक जायेगा। गुप्ता ने भरतपुर जिले में ग्रामीण विकास एवं उपलब्ध संसाधनों पर आधारित रोजगार के नये अवसरों की जानकारी देते हुए बताया क्षेत्र मे सर्वाधिक बोई जाने वाली सरसों की फसल पर आधारित शुरू कराये गये मधुमक्खी पालन का कार्य किसानों की अतिरिक्त आय का स्त्रोत बन गया। इतना ही भरतपुर सर्वाधिक शहद उत्पादक जिलों मे भी शुमार हो गया ! इसके अलावा डीग क्षेत्र की गुडगाँव कैनाल की आसपास की भूमि जो जल रिसाव के कारण खराब हो गई थी वहां नये तालाब खुदवा कर मछली पालन का कार्य शुरू कराया जिससे वहाँ मछली पालक खुशहाल हो गये है।

निदेशक सीताराम गुप्ता ने कुम्हेर पंचायत समिति क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि जहां सभी कार्यालय व संस्थान होने के कारण लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है ! इसी प्रकार ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की विस्तृत योजना तैयार कर लागू करनी होगी, साथ ही आंगनबाड़ी व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल बनाना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि बड़े औद्योगिक घरानों को पूरा जिला तथा छोटे घरानों को ब्लॉक गोद लेकर सम्पूर्ण विकास की विचारधारा पर चल आर्थिक व सामाजिक विकास के कार्य कराने होगे। यदि ये सभी कार्य सुचारू रूप से सम्पादित होते है तो देश वर्ष 2047 से पहले विकसित भारत बन जायेगा। कार्यक्रम में गांधी दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल, कृष्णायन ग्वालियर के स्वामी ऋषभ आनंद, पॉलिसी रिसर्चर, डॉक्टर विनिता अग्रवाल, कर्नल संतोष कुमार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे

प्रतियोगित का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के तत्वावधान में "विकसित भारत" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन ओम शिवम करियर प्वाइंट स्कूल मिर्जापुर में किया गया। विकसित भारत चित्रकला का जिला संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रनिर्माण की भावना जागृत करना और उन्हें भारत के विकासात्मक सफर से जोड़ना था। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महा मंत्री विनोद अटल और विशिष्ट अतिथि पार्षद ओमी कटारिया ,पार्षद महेश कटारिया और अध्यक्षता विद्यालय की संस्थापक महेंद्र नापित जी ने की। मंच संचालन मनोज सैनी ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महा मंत्री विनोद अटल ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा को सही दिशा देना और उन्हें भारत के विकासशील स्वरूप से जोड़ना था। आज "आत्मनिर्भर भारत" अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालयों के विद्यार्थी एवं युवाओं के बीच बड़े उत्साह के साथ किया गया।

शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

करौली, (निसं)। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा जयपुर के आदेशानुसार तथा राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के निर्देशानुसार एवं स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में पाँच जिलों के अंतर-जिला शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट करौली से 30 सदस्यीय स्काउट दल को सहायक जिला परियोजना समन्वयक एडीपीसी सर्वेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक राधा रमण शर्मा एवं सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर जयपुर के लिए रवाना किया।भ्रमण दल में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कैलादेवी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ऊँचागाँव, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावली, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जुंगीनपुरा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सकलूपुरा के 24 विद्यार्थी एवं 6 सहयोगी शिक्षक सम्मिलित हैं।दल द्वारा पाँच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत करौली, दौसा, जयपुर, अजमेर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ एवं उदयपुर जिलों के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिणक स्थलों का भ्रमण किया जाएगा। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, ऐतिहासिक ज्ञान, पर्यावरण चेतना एवं साहसिक भावना का विकास करना है।पहले दिन दल जयपुर पहुँचकर जल महल, आमेर किला, जयगढ़ किला, नाहरगढ़ किला तथा पैनोरमा स्थल का भ्रमण करेगा, जहाँ से संतों एवं महापुरुषों की गौरवमयी जानकारी प्राप्त होगी। रात्रि विश्राम पुष्कर घाटी स्काउट कैंप, अजमेर में रहेगा।इस अवसर पर एडीपीसी सर्वेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी भ्रमण के माध्यम से विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का अवलोकन कर अपने ज्ञान में वृद्धि करें तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करें। सभी सदस्य अनुशासित रहकर सुरक्षा नियमों का पालन करें जिससे भ्रमण मनोरंजक, आनंददायक एवं ज्ञानवर्धक बने। उन्होंने दल प्रभारी एवं सहयोगी शिक्षकों को बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा भ्रमण की सफलता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।सी.ओ. स्काउटअनिल कुमार गुप्ता ने निर्देश दिए कि भ्रमण दल का रात्रि विश्राम संबंधित जिलों के स्काउट कैंपों में किया जाए जिससे विद्यार्थियों को कैम्प जीवन का अनुभव प्राप्त हो। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक राधा रमण शर्मा ने दल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं

महुकलां में निकाली शिव बारात, सजाई झांकियां

■ श्री शिवमहापुराण कथा में हुआ शिव-पार्वती विवाह प्रसंग

गंगापुर सिटी, (निसं)। महूकलां स्थित राजपूत कॉलोनी में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में सोमवार को भगवान शिव के विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कथा व्यास आचार्य पंडित वासुदेव पाराशर ने शिव विवाह की कथा सुनाई।भगवान शिव की बारात राजपूत कॉलोनी क्षेत्र में निकाली गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। बारात में भूत, पिशाच, कुबेर, शनि, राहु-केतु, भगवान विष्णु और ब्रह्मा की झांकियां शामिल थीं। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रतीकात्मक कन्यादान किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री राजपूत सभा तहसील अध्यक्ष शिंभूसिंह जादौन ने बताया कि कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में श्री राजपूत सभा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह नरूका, जिला शिक्षा अधिकारी करौली इन्द्रेश तिवारी, अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, शिक्षक संघ सियाराम के प्रांतीय पदाधिकारी रामलाल वैष्णव, ऋषिराज मीना, गौरव सिंघल और अध्यापिका आशा मीना सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यजमान परिवार और समिति पदाधिकारियों ने अतिथियों का माला, साफा पहनाकर तथा श्री श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। यह कथा बुधवार को जादौन परिवार के निवास से कलश यात्रा के साथ शुरू हुई थी, जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया था। कथा का समापन 15 अक्टूबर बुधवार को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य यजमान मीना देवी (पार्वती), अनिल सिंह, मुकेश सिंह, राजेश सिंह, रवि राजपूत और विक्रम बना आदि उपस्थित रहे।

ज्ञापन सौंपा

बयाना/भरतपुर, (निसं)। बयाना उपखंड की ग्राम पंचायत बन्ध बरेठा की 68 बीघा चारागाह भूमि पर अवैध कब्जे के विरोध में सोमवार को सैकड़ों ग्रमीणों ने भरतपुर जिला कलेक्टर अमर चौधरी, सभागीय आयुक्त, पीडब्ल्यूडी तथा वन विभाग के आईएफएस अधिकारियों को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे।ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि यह भूमि वर्षों से गांव के पशुओं के चराने के लिए प्रयोग होती आ रही है, साथ ही इसी स्थान पर गांववासी आस्था के प्रतीक भैरो बाबा की पूजा-अर्चना भी करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पास के गांव मडपुरिया के कुछ लोग इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उनका इस भूमि से कोई संबंध नहीं है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से इस भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराए और चारागाह के रूप में इसके संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

बैठक 27 को

करौली, (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय त्रैमासिक बैठक सांसद भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे से जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये है।

'त्यौहार और मेले हमारी संस्कृति के साथ रोजगार व खुशहाली के प्रतीक'

भरतपुर, (निस)। भारतीय संस्कृति की झलक यहाँ के त्यौहारों और मेलों में रची-बसी है। त्यौहारों व मेलों की सामुहिकता हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत का अहसास कराती है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि त्यौहार व मेले हमारी व्यस्त और व्यावसायिक एकरसता भरी जिदंगी में मनोरंजन के रंग भरे देते हैं व हमें हॅसने- खिलखिलाने का अवसर प्रदान करते हैं।

डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि हमारी यही संस्कृति गरीब व मजदूरों को रोजगार भी देती है। जैसे दीपावली पर कुम्हार का दीपक बिकता है, घरों की सफाई व रंग रोगन कराने, रोशनी के लिए बिजलीचालित झल्लर बनाने तथा खील-बतासे व मिठाई तैयार करने आदि सभी कार्यो में मजदूर लगते है। कार-मोटरसाइकिल सहित तमाम वाहनों की बिक्री भी दीपावली पर बढ जाती है, घर की समावट व सुविधाओं के अन्य सामान भी लोग खरीदते है, जिन्हे मजदूर ही बनाते है। तमाम व्यक्ति त्यौहारों पर तीर्थस्थलों पर जाते हैं, जिससे परिवहन व होटल व्यवसाय को बढावा मिलता है।

फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति में नहीं बरतें ढिलाई : जिला कलक्टर

■ जिला कलक्टर कमर चौधरी ने ली फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दास्त नहीं की जायेगी। सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करते हुए पात्रजनों को स्वप्रेरित होकर लाभान्वित करें।

जिला कलक्टर सोमवार को फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लक्ष्यों में पिछडने वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी प्रतिमाह लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए फ्लैगशिप योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्रजनों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं की प्रतिमाह विभागीय स्तर पर मॉनिटिंग कर सभी अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं में लक्ष्य अर्जित करें। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं में फॉर्मपौंड, तारबंदी, ड्रिप, फव्वारा आदि अनुदान की योजनाओं के लिए किसानों को प्रेरित करे जिससे कम लागत में अधिक मुनाफा लिया जा सके। उन्होंने जल भराव वाले क्षेत्रों में किसानों को फॉर्मपौंड के लाभ से अवगत कराते हुए वर्षा जल का सदुपयोग के लिए एक्सपोजर विजिट कराने के निर्देश दिये।जिला कलक्टर ने चिकित्सा के क्षेत्र में फ्लैगशिप योजनाओं के लक्ष्यों में पिछडने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मेडिकल कॉलेज स्तर पर समन्वय करते हुए प्रधानमंत्री आयुषमान भारत अवसंरचना के कार्यों को पूरा कराने, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के सभी मानकों को पूरा करना सुनिश्चित करे। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूरा करायें। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत शेष कार्यों को गति देने ग्रामीण क्षेत्रो में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में रिचार्ज पिट बनवाने के लिए भामाशाहों को प्रेरित करने, राजीविका के तहत ड्रोन दीदी, नमो दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी के लिए महिला समूहों को लाभान्वित करते हुए लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम विभाग को भवन निर्माण संश्रमिक योजना में पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करने, सौर ऊर्जा संयत्र के लिए लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पंच गौरव के तहत जिला की विशेषताओं के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पुनः प्रस्ताव तैयार कर आवंटित बजट का उपयोग करने के निर्देश दिये। इस अवसर जिला परिषद सीईओ मृदुलसिंह, निदेशक घना मानससिंह, सचिव बीडीए सुरेश नवल, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, सिटी राहुल सैनी, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा, उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

शिविर में नगर परिषद ने बांटे पट्टे

गंगापुर सिटी, (निसं)। राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग जारी दिशा-निर्देशों की पालना में नगरीय निकाय गंगापुर सिटी द्वारा शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन सोमवार को वार्ड नं. 46 से 50 तक का आशिर्वाद मैरिज गार्डन लड्डूराम बाबा की समाधि के पास गंगापुर सिटी में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान नगर निकाय में संचालित विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं सहित साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट, विभिन्न प्रकार के पट्टे कृषि भूमि नियमन, लीज डीड, पुरानी आबादी/69ए/स्कीम के पट्टे, उपविभाजन, भवन निर्माण स्वीकृति नाम हस्तान्तण, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, मुख्यमंत्री स्वनिधि/प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास, जनाधारकार्ड, फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र, पेंशन प्रकरण, पालनहार योजना, राशनकार्ड से संबंधित सेवाओं सहित अन्य विभागो जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, आयोजना विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग इत्यादि अन्य विभागों से संबंधित कार्य शिविर में एक ही जगह पर निष्पादित कर आमजन का राहत प्रदान की जा रही है एवं आमजन से प्राप्त शिकायतों/परिवादों का भी मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। शिविर के दौरान कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टे 6, भवन निर्माण स्वीकृति के, नाम हस्तान्तरण के 1, प्रधानमंत्री स्वनिधि के 5, स्ट्रीट लाईट के 12, यूडी टैक्स के, जन्म-मृत्यु विवाह पंजीयन के 33, घर-घर कचरा संग्रहण के 2, पूरक पोषाहार के 39, पेंशन के 1, जनाधार के 57, खाद्य सुरक्षा के 10, अग्निशमन प्रमाण पत्र, विद्युत विभाग के 28 प्रकरणों सहित सीवरेज के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। आगामी शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन मंगलवार को वार्ड नं. 51 से 55 तक का राजकीय महाविद्यालय परिसर गंगापुर सिटी में आयोजित किया जावेगा।

नए आपराधिक कानून पर की चर्चा

रूपवास, (निसं)। देश की न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव की झलक दिखाने वाली प्रदर्शनी नव विधान : न्याय की नई पहचान का शुभारंभ सोमवार को जयपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया। इस कार्यक्रम को रूपवास थाने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानुप्रतापपुर सिंह राजावत, सीओ सर्किल नीरज भारद्वाज,थानाधिकारी चंद्रमोहन, एएसआई कुंजबिहारी,चंद्रमोहन शर्मा,कृष्णा जाट,अधिवक्ता जयप्रकाश पाराशर,सुनील पाराशर,नवीन दुबे,खजान सिंह,ब्रजेश शर्मा आदि ने देखा व सुना।छह दिन तक चलने वाली यह प्रदर्शनी 18 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। यह आयोजन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023,नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और साक्ष्य अधिनियम 2023 के लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। प्रदर्शनी में पुराने और नए कानूनों के बीच का अंतर,तकनीकी नवाचार और न्याय प्रणाली की में पारदर्शिता के प्रयासों को रोचक तरीके से प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जयपुर से हुआ। रूपवास थाने समेत गहनौली मोड़ पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए थानों पर विशेष स्क्रीनिंग व तकनीकी ही व्यवस्था की गई। इस अवसर पर सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्य, शांति समिति के प्रतिनिधि, पुलिसकर्मी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

लायंस क्लब सेंचुरी का अधिष्ठापन

भरतपुर, (निसं)। लायंस क्लब भरतपुर सेन्चुरी की छटवीं पदस्थापना का भव्य आयोजन किले में स्थित टाउन हाल व महलखास में सम्पन्न हुआ जिसमें नवीन सदस्यों तथा नवीन कार्यकारिणी को शानदार तरीके से शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ क्लब के चार्टर प्रेसीडेंट श्रीनाथ शर्मा के स्वागत भाषण के साथ हुआ। जिन्होंने भरतपुर लोहागढ की पृष्ठभूमि, ब्रज की धरा का महत्व व पक्षी विहार आदि की विशेषताओ